# सीखने के प्रतिफल की आकलन पुस्तिका

## हिंदी

## कक्षा 3

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्
STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING
SECTOR-32 UT CHANDIGARH

पाठ -1

# कक्कू

**शिक्षण के लक्ष्य:**

- कविता सुनने के बाद विद्यार्थी कविता के तीनों काव्यांशो से संबंधित प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ होंगे जैसे- कक्कू को किन-किन नामों से बुलाया जाता था? दूसरे काव्यांश में कक्कू को क्या पसंद नहीं था ? आदि । कक्षा में चर्चा की जाएगी कि जब अलग अलग नाम से पुकारा जाता है तो बच्चों को कैसा लगता है ? झगड़ालू, मोटू, गोलू जैसे नाम से पुकारने से क्या किसी को दुख पहुंचता है ? जिससे वाचन कौशल का विकास होगा ।
- पूरा पाठ धीरज पूर्वक सुन पाएंगे ।10 से 15 शब्दों के प्रश्न का उत्तर कह पाएंगे ।
- विद्यार्थी कम से कम 20 शब्द पढ़कर कविता के पात्रों के विषय में बता सकेंगे ।
- कविता को लयात्मक तरीके से छात्रों से पढ़कर कविता के मूल भाव को विभिन्न प्रश्नों के माध्यम से जोड़ सकेंगे ।
- कविता की पंक्तियों का क्रम बदलकर उन्हें क्रम में पढ़ सकेंगे ।
- क्या आप कुकू जैसा बच्चा बनना चाहते हो? यदि हां? नहीं तो क्यों? जैसे प्रश्न का उत्तर अध्यापिका की सहायता से 10 से 15 शब्दों में लिख पाएंगे ।
- कविता की प्रत्येक पंक्तियों में से एक-एक शब्द हटा दिया जाएगा बच्चे हटे हुए शब्दों को लिख सकेंगे ।
- 5-6 नवीन शब्दों को रेखांकित कर उनके अर्थ जानना है जैसे- ठिठोली ,तनिक, मिश्री, भक्कु झक्कु आदि ।

- ऊ मात्रा वाले 5 शब्दों को रेखांकित कर उनका श्रुतलेख द्वारा मूल्यांकन करना ।
- कविता की कुछ पंक्तियां सुनकर दिए गए चित्र में से चीजों की पहचान करवाकर तथा सीखे गए नए शब्दों के श्रुतलेख द्वारा मूल्यांकन किया जाएगा ।
- अनुशासन प्रेम संवेदना जैसे नैतिक भाव से अवगत करवाना ।
  प्रेम वाले नाम और चिढ़ाने वाले नाम में क्या फर्क है और आप कैसा महसूस करते हैं इस प्रकार के नाम के साथ ।

सीखने का प्रतिफल:

- कही जा रही बात ,कहानी, कविता आदि को ध्यान से समझते हुए सुनते और अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हैं।

सुनहरी चिड़िया (कहानी )

एक दिन सुनहरी चिड़िया ने खिचड़ी पकाई गोलू चिड़ा जैसे ही खाने बैठा सुनहरी ने झट से कहा , चलो पहले हम अपने अपना चोंच धो कर आए, फिर आकर खिचड़ी खाएंगे।

चिड़ा चिड़िया उड़ कर पास के एक तालाब में पहुंचे लेकिन गर्मी के कारण तालाब खाली था, चलो कहीं और चलते हैं कहते हुए दोनों आगे बढ़े और एक नदी के पास पहुंचे नदी ने कहा भैया मैं तो पहले ही सूख गई हूं तुम लोग कुएं के पास जाओ दोनों उड़ते हुए कुएं पर पहुंचे वहां उन्होंने देखा कि कुछ औरतें अपना खाली घड़ा लिए वापिस घर जा रही हैं कुएं में भी पानी नहीं था।

चिड़ा और चिड़िया उड़ते हुए आगे बढ़े और समुद्र के पास पहुंचे ।

समुद्र से कहा भैया हमें अपनी चोंच धोनी है थोड़ा सा पानी दे दो समुद्र में

पानी ही पानी था उसने  कहा हां तुम्हें जितना पानी चाहिए ले लो यहां तो पानी ही पानी है।

अच्छी तरह से दोनों ने अपनी  चोंच रगड़ - रगड़ कर धोयी और खुशी-खुशी अपने घर की ओर उड़ चले  घर पहुंच कर उन्होंने खिचड़ी खाई।

उपरोक्त कहानी  को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दें :-

प्रश्न 1:  कहानी में पानी के कौन- कौन से स्रोत हैं ?

i कुएं

ii तालाब

iii नदी

iv समुद्र

(क) I, II और IV

(ख)  II, III और IV

(ग)  I, II और III

(घ) I, II, III और IV

प्रश्न 2: कुछ औरतें अपना खाली घड़ा लिए वापिस घर क्यों जा रही थी ?

(क) क्योंकि कुएं में पानी नहीं था ।

(ख) तालाब में पानी नहीं था ।

(ग) नदी में पानी नहीं था ।

(घ) उन्हें पानी की आवश्यकता नहीं थी ।

प्रश्न 3: पानी की आवश्यकता हमें किन - किन कार्यों के लिए होती है ?

(क)  दैनिक कार्यों के लिए

(ख)  कृषि के लिए

(ग)  पीने के लिए

(घ)  उपरोक्त सभी के लिए

प्रश्न 4. कुएं ,तालाब व नदी में पानी न मिलने के क्या कारण हो सकते हैं ?

i अत्याधिक गर्मी के कारण

ii वर्षा न होने के कारण

iii भूमि में जल - स्तर का गिरना

iv सूखा पड़ना

(क) I, II और IV

(ख) II, III और IV

(ग) I, II और III

(घ) I, II, III और IV

उत्तर-तालिका = 1 (घ), 2 (क), 3 (घ), 4 (घ)

## पाठ - 2

## शेखीबाज मक्खी

**शिक्षण के लक्ष्य:**

- सारांश ग्रहण करना और सामग्री को अच्छे से समझ कर , सुनकर अर्थ ग्रहण करने की क्षमता का विकास करना । संपूर्ण पाठ को तीन चरण में बांटकर- ( आरंभ, मध्य ,अंत ) कहानी का लघु नाट्य रूप छात्रों से प्रस्तुत करवाना ।
- पूरा पाठ धीरज से सुन पाएंगे । 10 से 15 शब्दों में प्रश्नों का उत्तर कह पाएंगे ।
- पाठ को पढ़वाकर विद्यार्थियों को जानवरों की शरारतों के बारे में बताना । बच्चे पाठ में आए कोई शब्द पढ़ सकेंगे
- विद्यार्थियों द्वारा प्रिय जानवरों पर चर्चा करके उनके प्रिय जानवर पर चार से पाँच वाक्यों में लेख लिखवा कर लेखन कौशल को बढ़ावा देंगे । कुल 10 से 15 शब्द ।
- नवीन शब्दों को रेखांकित कर उनके अर्थ जानना ।
- पाठ में प्रयुक्त अनुस्वार और अनुनासिक जैसे शब्दों में अंतर कर शब्द विकास करेंगे । 4 अथवा 5 नए शब्दों का अर्थ जान पाएंगे ।
- पाठ में आए चित्रों का प्रयोग चित्र वर्णन के रूप में किया जाएगा तथा सीखे गए नवीन शब्दों के श्रुतलेख द्वारा मूल्यांकन किया जाएगा ।
- सामान्य उद्देश्य वाली अन्य नवीन कहानी को सुनकर घमंड जैसे भाव से परिचित करवाते हुए प्रेम और एकता के भाव के साथ जोड़कर नैतिक भाव का विकास करना ।

**सीखने का प्रतिफल:**

**कहानी कविता आदि को उपयुक्त उतार-चढ़ाव गति प्रभाव और सही पुट के साथ सुनते हैं ।कहानी कविता अथवा अन्य सामग्री को समझते हुए उसमें अपनी कहानी बात जोड़ते हैं ।**

**(कहानी )**

**जंगल में सुंदर-सुंदर हिरण रहा करते थे। उसमें एक सुरीली नाम की हिरनी थी। उसकी बेटी मृगनैनी अभी पाँच महीने की थी। मृगनैनी अपनी मां के साथ जंगल में घूमा करती थी।एक दिन मृगनैनी अपने मां के साथ घूम रही थी , तभी दो गीदड़ वहां आ गए।वह मृगनैनी को मार कर खाना चाहते थे।सुरीली दोनों गीदड़ को अपने सींगों से मार-मार कर रोक रही थी।मगर गीदड़ मानने को तैयार नहीं थे।तभी वहां अचानक ढेर सारे हिरणों का झुंड आ गया। पूरा झुण्ड दोनों गीदडों के पीछे दौड़ने लगा । दोनों गीदड़ अपने प्राण बचा कर वहां से रफूचक्कर हो गए। सुरीली और मृगनैनी की जान को आज उन्ही के परिवार ने बचा लिया था ।**

**उपरोक्त कहानी को शिक्षक उचित हाव - हाव व लय और गति के साथ छात्रों को सुनाएगा । छात्र निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देंगे ।**

**प्रश्न 1: निम्नलिखित में से कौन - कौन से जानवर झुण्ड में रहते हैं ?**

**(क) हाथी**

**(ख) हिरन**

**(ग) केवल हिरन**

**(घ) हाथी व् हिरन दोनों**

**प्रश्न 2: जंगल में गीदड़ों ने मृगनैनी को ही क्यों खाना चाहा जबकि वहां पर फल व कंद -मूल भी थे ?**

**(क) मृगनैनी अभी पाँच महीने की थी**

**(ख) गीदड़ मांसहारी होते हैं**

**(ग) गीदड़ को फल व कंद -मूल स्वाद नहीं लगते**

**(घ) गीदड़ फल व कंद -मूल तक नहीं पहुँच सकते थे**

**प्रश्न 3: मृगनैनी की जान कैसी बची ?**

**(क) हिरणों का झुंड आ जाने के कारण**

**(ख) गीदडों के रफूचक्कर हो जाने के कारण**

**(ग) सुरीली नाम की हिरनी आ जाने के कारण**

**(घ) हिरणों का झुंड आ गया। पूरा झुण्ड दोनों गीदडों के पीछे दौड़ने लगा ।**

**उत्तर-तालिका = 1 (घ), 2 (ख), 3 (घ)**

## पाठ - 3

## चाँद वाली अम्मा

**शिक्षण के लक्ष्य:**

- सारांश ग्रहण करना और सामग्री को अच्छे से समझ कर सुनकर अर्थ ग्रहण करने की क्षमता का विकास करना ।
- पूरा पाठ धीरज पूर्वक सुन पाएंगे
- 10 से 15 शब्दों में प्रश्नों का उत्तर कह पाएंगे
- शिक्षक की सहायता से विद्यार्थी पाठ पड़ेंगे, जिससे पठन कौशल का विकास होगा ।

  बूढ़ी अम्मा के साथ चाँद की शर्तों के बारे में बताना ।

  बच्चे पाठ में आए कोई 20 शब्द पढ़ सकेंगे ।
- जब बूढ़ी अम्मा उड़ी जा रही थी तो उन्होंने आसमान को हर तरह से मनाने की कोशिश की । बताओ उन्होंने क्या-क्या कहा होगा ?
- १-घबराकर २- गुस्से से ३- गिडगिडाकर ४-तरकीब सूजने पर
- इस प्रकार लेखन कौशल का विकास किया जाएगा ।
- चार से पाँच वाक्यों में लेख लिखवा कर लेखन कौशल को बढ़ाना ।

  कुल शब्द 15 से 25
- नवीन शब्दों को रेखांकित कर उनके अर्थ जानना जैसे- रस्साकशी, सूझी , हिस्सा आदि । 4 अथवा 5 नए शब्दों का अर्थ जान पाएंगे
- शब्दों के अर्थ का उचित मिलान द्वारा, किसने किससे कहा जैसे प्रश्नों द्वारा, प्रत्येक पात्र के बारे में विचार व्यक्त करवाने द्वारा अधिग्रहण क्षमता का मूल्यांकन किया जाएगा
- स्वच्छता और कार्य स्वयं करने जैसे नैतिक भाव पर चर्चा करते हुए अध्यापिका भाव से परिचित करवाएगी ।

**सीखने का प्रतिफल:**

**आसपास होने वाली गतिविधियों/ घटनाओं और विभिन्न स्थितियों में हुए अपने अनुभवों के बारे में बताते, बातचीत करते हैं।**

## गद्यांश

**"मेरा गाँव अब मुझे बहुत ही अच्छा लगता है। अब मैं किसी भी रास्ते पर निकलता हूँ, तो शौच नहीं दिखता। पहले सड़क किनारे, मैदान किनारे और तालाब किनारे हर जगह शौच दिखता था। नाक पर हाथ रखकर निकलना पड़ता था और गन्दगी से उबकाई आती थी।" 9वीं कक्षा में पढ़ने वाला बैतूल जिले के कुम्हली गाँव का लोकेश बारस्कर जब यह कहता है, तो उसके चेहरे पर खुशी साफ देखी जा सकती है। कुम्हली को खुले में शौच से मुक्त गाँव घोषित किया जा चुका है। 6वीं कक्षा की छात्रा कंचना धोटे बताती है, "पहले परिवार के साथ मैं भी खुले में शौच जाती थी। मुझे अच्छा नहीं लगता था, पर तब घर पर शौचालय नहीं था। मेरी शाला में पहले से ही शौचालय था। एक-दो बार मैंने घर पर शौचालय बनाने के लिए कहा, पर किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। जब गाँव में शौच के लिए बाहर जाने से रोकने के लिए अभियान चलाया गया, तब सभी ने जल्दी-जल्दी शौचालय बनवाएँ। गाँव के कई बच्चों ने अभियान में हिस्सा लिया। मुझे उस काम में बहुत मजा आया।"**

**उपरोक्त गद्यांश को पढ़कर , निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।**

**प्रश्न 1: "मेरा गाँव अब मुझे बहुत ही अच्छा लगता है, क्योंकि अब वहां पर -**

**(क) पेड़ लग गये हैं**

**(ख) सड़क बन गयी है**

**(ग) तालाब बन गया है**

**(घ) घर - घर पर शौचालय बनने के कारण**

**प्रश्न 2 : पहले घर से बाहर निकलते ही शौच कहाँ-कहाँ क्या दिखाई देता था ?**

**(क) सड़क किनारे**

**(ख) मैदान किनारे**

**(ग) तालाब किनारे**

**(घ) हर जगह**

**प्रश्न 3 : खुले में शौच जाने पर कौन -कौन सी बीमारियाँ फैलती हैं ?**

**(क) हैजा**

**(ख) मलेरिया**

**(ग) पीलिया**

**(घ) कला ज्वर**

**उत्तर-तालिका = 1 (घ), 2 (घ), 3 (क)**

## पाठ - 4

## मन करता है

**शिक्षण के लक्ष्य:**

- कविता सुनने के बाद विद्यार्थी कविता के काव्यांशओ से संबंधित प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ होंगे जैसे कवि का क्या क्या करने का मन करता है? आदि ।
- कक्षा में चर्चा की जाएगी कि सूरज, चंदा बाबा, पापा, तितली बन कर आप क्या अलग करना चाहोगे ? इस प्रकार कक्षा चर्चा करते हुए विद्यार्थियों में वाचन कौशल का विकास होगा ।
- कविता के मूल भाव को समझकर विद्यार्थी अपने विचार रख सकेंगे ।
- पूरा पाठ धीरज पूर्वक सुन पाएंगे 10 से 15 शब्दों में प्रश्नों का उत्तर कहपाएंगे ।
- छात्रों द्वारा कविता का क्रमानुसार उचित लय और ताल का ध्यान रखते हुए शुद्ध उच्चारण द्वारा पठन करते हुए अर्थ ग्रहण किया जाएगा ।
- बच्चे पाठ में आए कोई 25 से 30 नए शब्द पढ़ सकेंगे ।
- आसान शब्दों एवं अक्षरों को लिखवा कर तथा विद्यार्थियों द्वारा उनके बचपन के किस्सों पर चर्चा करके बचपन में उनका क्या मन करता है इस प्रकार उनका लेखन कौशल बढ़ाया जाएगा चार से पाँच वाक्यों में लेख लिखवा कर लेखन कौशल का विकास किया जाएगा ।
- कुल शब्द 15 से 25 नवीन शब्दों को रेखांकित कर उनके अर्थ जानना अनुनासिक शब्दों को रेखांकित किया जाएगा जैसे दिखाओ मूंछ लगाऊं आदि।
- 4 अथवा 5 नए शब्दों का अर्थ जान पाएंगे रिक्त स्थान की पूर्ति द्वारा अधिगम अक्षमता का मूल्यांकन किया जाएगा जैसे मन करता है बनकर मीठे स्वर में गाना गाओ ।

- श्रुतलेख द्वारा वर्तनी शुद्धता का मूल्यांकन किया जाएगा लालच और इच्छा में अंतर क्या होता है इस विषय पर चर्चा की जाएगी और नैतिक गुण से अवगत करवाया जाएगा प्राकृतिक और कृत्रिम से जुड़ी इच्छाओं में अंतर बताया जाएगा ।
- शिक्षिका द्वारा विद्यार्थियों को पाठ के माध्यम से जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने आदि नैतिक मूल्यों पर विशेष बल दिया जाएगा |

**सीखने के प्रतिफल :**

**तरह-तरह की रचनाओं सामग्री (अखबार, बाल पत्रिका, होर्डिंग्स आदि) को समझकर पढ़ने के बाद उस पर आधारित प्रश्न पूछते हैं /अपनी राय देते हैं/ शिक्षक एवं अपने सहपाठियों के साथ चर्चा करते हैं , पूछे गए प्रश्नों के उत्तर (मौखिक, सांकेतिक रूप से) देते हैं ।**

**नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखकर व पढ़कर , प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**



प्रश्न1: उपरोक्त चित्र में जन जन शब्द का प्रयोग किस के लिए किया गया है ?

(क) वाहन चालक

(ख) कोई विशेष व्यक्ति

(ग) बच्चे

(घ) प्रत्येक व्यक्ति

प्रश्न 2 : सड़क पर वाहन चलाते समय निम्नलिखित में से कौन - कौन सी बातों को ध्यान में रखना आवयशक है ?

(क) दोपहिया वाहन चलाते समय हमेशा हल्मेट पहनना चाहिए ।

(ख) वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात नही करनी चाहिए ।

(ग) लाल बती होने पर रुके रहना चाहिए, जब तक हरी बती ना हो जाए।

(घ) उपरोक्त सभी बातें सही हैं ।

प्रश्न 3 : पंक्तियों का सही मिलान कर सार्थक वाक्य लिखिए।

(क) सड़क पार करते समय – (1) अन्दर नहीं जाना चाहिए।

(ख) सड़क दुर्घटना से बचने के लिए। – (2) बजाने से हार्न सुनाई नहीं देता।

(ग) गाड़ी में जोर से रेडियो – (3) सतर्क रहना आवश्यक है। ।

(घ) प्रवेश निषेध रास्ते से – (4) शीशों से लोगों को देखना चाहिए।

सार्थक वाक्यों के लिए सही मिलान खोजो :

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) | (क)-3 | (ख)-2 | (ग)-4 | (घ)-1 |
| (ख) | (क)-3 | (ख)-4 | (ग)-2 | (घ)-1 |
| (ग) | (क)-1 | (ख)-2 | (ग)-4 | (घ)-3 |
| (घ) | (क)-3 | (ख)-2 | (ग)-1 | (घ)-4 |

**प्रश्न 4 : स्कूल बस/वैन से घर लौटते समय सुरक्षा के लिए कौन-कौन सी सावधानियाँ रखनी चाहिए?**

**(1) बस अथवा वैन में चढ़ते समय कतार बनाकर चढ़ना चाहिए।**

**(2) छोटे बच्चों को पहले चढ़ने का मौका देना चाहिए, धक्का-मुक्की नहीं करनी चाहिए।**

**(3) रास्ते में बच्चों को बस/वैन से सिर या हाथ बाहर नहीं निकालना चाहिए।**

**(4) हमेशा विद्‌यार्थी को बस/वैन के पूरी तरह से रुकने पर ही उतरना चाहिए।**

**(क) केवल (1) सही है**

**(ख) (1) व (2) दोनों सही है**

**(ग) (2 ),(3) व (4) सही है**

**(घ) उपरोक्त सभी सही हैं**

**उत्तर -तालिका = 1 (घ), 2 (घ), 3 (ख), 4 (घ)**

# पाठ - 5

## बहादुर बित्तो

**शिक्षण के लक्ष्य:**

- विषय पर चर्चा करते हुए शिक्षक कहानी पढ़ाते हुए समझाएंगे वह कहानी में आए व्याकरणिक शब्दों को भी समझाएंगे कि जिससे बच्चों में श्रवण कौशल का विकास हो सके।
- पाठ विस्तार में सहायक पीपीटी स्मार्ट बोर्ड।
- दृश्य श्रव्य सामग्री के माध्यम से रोचकता बनाए रखना ।
- पूरा पाठ धीरज पूर्वक सुन पाएंगे ।
- 10 से 15 शब्दों में प्रश्नों का उत्तर कह पाएंगे ।
- समूह में बैठे विद्यार्थी निर्धारित अंक का पालन करेंगे ।
- कठिन व नए शब्दों के अर्थ समझाते हुए पाठ का वाचन करवाना बच्चे पाठ में आए कोई 25-30 नए शब्द पढ़ सकेंगे ।
- पाठ का नाम बहादुर बित्तो क्यों रखा गया है ?अगर बित्तो बहादुर नहीं होती तो कहानी का नया अंत कैसा होता ? इन प्रश्नों का उत्तर 15 से 20 शब्दों में लिख पाएंगे ।
- नवीन शब्दों को रेखांकित कर उनके अर्थ जानना ए आ ई की मात्रा वाले शब्दों की शुद्ध वर्तनी की ओर ध्यान दिया जाएगा 4 अथवा 5 नए शब्दों का अर्थ जान पाएंगे ।
- लघु प्रश्नों का निर्माण छात्र अपनी समझ से स्वयं निर्मित प्रश्नों के उत्तर अपने सहपाठी से पूछेंगे इस प्रकार सहपाठी भी प्रश्नों का निर्माण करेगा प्रश्न निर्माण गतिविधि द्वारा कक्षा के अधिगम स्तर का मूल्यांकन किया जाएगा ।

- **बहादुरी के छोटे-छोटे किसानों पर छात्रों से चर्चा की जाएगी बहादुरी दिखाकर लोगों की मदद की जा सकती है इस प्रकार नैतिकता का संचार किया जाएगा ।**

**सीखने का प्रतिफल:**
**अलग-अलग तरह की रचनाओं में आए नए शब्दों को संदर्भ में समझ कर उनक अर्थ सुनिश्चित करते हैं।**

*देखो एक बार फिर से बारिश का मौसम आया,*
*अपने साथ सबके चेहरों पर मुस्कान है लाया|*
*देखो वर्षा में हवा कैसी चल रही मंद-मंद,*
*क्या बच्चे क्या बूढ़े सब लेते इसका आनंद||*

*देखो चारो ओर फैली यह अद्भुत हरियाली,*
*जिसकी मनमोहक छंटा है सबसे निराली|*
*जिसको देखो वह इस मौसम के गुण गाता,*
*बारिश का मौसम है ऐसा जो सबके मन को भाता||*

**प्रश्न 1: वर्षा के आने पर चारों ओर हरियाली क्यों फैलती है?**

**(क)** **क्योंकि चारों तरफ से मिट्टी महक रही होती है**
**(ख)** **क्योंकि मेंढक गीत सुनाते हैं**
**(ग)** **क्योंकि वर्षा का पानी पेड़ -पोधों के लिए नव जीवन लाता है**
**(घ)** **उपरोक्त में से कोई नहीं**

प्रश्न 2: वर्षा आने पर निम्नलिखित में से कौन -कौन  खुश होता है ?

(क) बच्चे - बूढ़े

(ख) पशु - पक्षी

(ग) पेड़ - पौधे

(घ) सभी

प्रश्न 3: कैसे दिखयी देता है इंद्रधनुष ? निम्नलिखित में से इंद्रधनुष के लिए कौन से वाक्य सत्य है ?

(1) बारिश की रिमझिम बूंदों के बीच अगर धूप भी हो तो सूर्य की तरफ मुंह कर लीजिए, कहीं न कहीं आपको इंद्रधनुष दिखाई पड़ेगा।

(2) आप इंद्रधनुष तब देख पाते है जब सूरज आपके पीछे होता है और वर्षा आगे।

(3) इसके अलावा विशाल झरनों के पास भी आम तौर पर हमेशा दिन के वक्त इंद्रधनुष दिखाई पड़ता है।

(4) इन्द्रधनुष सुबह के समय पश्चिम दिशा मे और शाम के समय पूर्व दिशा में दिखाई पड़ता है।

(क) केवल (2) वाक्य सही है

(ख) वाक्य (1) व (4) सही है

(ग) सभी वाक्य सही है केवल (3) के अतिरिक्त

(घ) सभी वाक्य सही है

प्रश्न 4: मंद-मंद शब्द का क्या अर्थ है।

(क) धीमा

(ख) होले-होले

(ग) धीरे-धीरे

(घ) उपरोक्त सभी

उत्तर-तालिका = 1. (ग) 2. (घ) 3. (घ) 4. (घ)

# पाठ - 6

## हमसे सब कहते हैं

**शिक्षण के लक्ष्य:**

- पाठ विस्तार में सहायक पीपीटी स्मार्टबोर्ड, मां पर आधारित अन्य कविता दृश्य श्रव्य सामग्री के माध्यम से रोचकता बनाए रखना ।
- ओजस्विता पूर्ण कविता वाचन के माध्यम से पूर्व अंश से विद्‌यार्थियों को जोड़ा जाएगा वात्सल्य जीवन की कठिनाइयों को अभिव्यक्त कर सकेंगे ।
- पूरा पाठ धीरज पूर्वक सुन पाएंगे 10 से 15 शब्दों में प्रश्नों का उत्तर कह पाएंगे ।
- कविता का गायन करवाएंगे जिससे उचित लय ताल यदि गति का विकास होगा और आरोह अवरोह क्षमता में वृद्‌धि होगी शब्दार्थ का ज्ञान होगा ।
- बच्चे पाठ में आए कोई 25-30 में शब्दों को पढ़ सकेंगे ।
- वात्सल्य जीवन को किस प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है कोई दो चुनौती अपने शब्दों में लिखिए ।
- इस प्रकार के प्रश्नों द्‌वारा छात्र अभिव्यक्ति पर बल दिया जाएगा तथा लेखन कौशल को बढ़ाया जाएगा ।
- छात्र प्रश्नों का उत्तर 15 से 20 शब्दों में लिख पाएंगे ।
- ओ और ओ की मात्रा से संबंधित कठिन व नवीन शब्दावली से जुड़ी वर्तनी की पुनरावृति करवाना ।
- 4 अथवा 5 नए शब्दों का अर्थ जान पाएंगे ।
- लघु प्रश्न उत्तर रिक्त स्थान की पूर्ति एवं कविता की पंक्तियों को क्रमानुसार लगाते हुए विषय का सतत मूल्यांकन किया जाएगा ।
- प्रकृति से हमें प्रेम करना चाहिए बड़ों का आदर करना चाहिए जीवन में खुशियां बांटने चाहिए ।

| |
|---|
| ● इस प्रकार के प्रश्नों पर भाव अभिव्यक्त करवाते हुए नैतिक मूल्य से जोड़ा जाएगा । |

| |
|---|
| **सीखने का प्रतिफल:**<br>**अलग-अलग तरह की रचनाओं सामग्री (अखबार, बाल पत्रिका, होर्डिंग्स आदि) को समझकर पढ़ने के बाद उस पर आधारित प्रश्न पूछते हैं/ अपनी राय देते हैं/ शिक्षक एवं अपने सहपाठियों के साथ चर्चा करते हैं।** |

**प्रश्न 1: नीचे एक समाचार पत्र की कटिंग दर्शाई गई है । कटिंग के समाचार को पढ़कर बताएं कि निम्न  में से कौन सा विकल्प समाचार से संबन्धित नहीं हो सकता ?**




**प्रश्न 1: होर्डिंग में किस महामारी से बचने की बात की गई है।**

(क) चेचक

(ख) कोरोना

(ग) पोलिओ

(घ) उपरोक्त में कोई नहीं

**प्रश्न 2: दो गज कितने फुट के बराबर होता है।**

(क) 3 फुट

(ख) 4 फुट

(ग) 6 फुट

(घ) 10 फुट

**प्रश्न 3 : नीचे एक बाल पुस्तक का पृष्ठ का चित्र दिखलाया गया है :-**



हवाई जहाज का रंग सफेद क्यों होता है?

हवाई जहाज या ऐरो प्लेन का रंग सफेद होने के वैसे तो और भी कारण हो सकते हैं, लेकिन सबसे बड़ा कारण यह है कि सफेद रंग हवाई जहाज को सूरज की किरणों से बचाता है और उसे ठंडा रखता है। दूसरे रंगों की तुलना में सफेद रंग गर्मी को दूर रखता है। रंग सफेद होने के पीछे एक अन्य कारण यह भी होता है कि किसी दूसरे रंग से पेंट करने पर कंपनी को करोड़ों रुपयों का खर्च आता है, लेकिन सफेद रंग से पेंट करने पर कुछ लाख रुपए में ही काम हो जाता है। अलग रंग करने पर सफेद रंग के मुकाबले समय भी ज्यादा लगता है।

**चित्र के आधार पर निम्न प्रश्न का उत्तर दें कि इस बाल भास्कर पृष्ठ का विषय क्या है ?**

(क) हवाई जहाज का रंग सफ़ेद क्यों होता है ?

(ख) क्यों बदलता है पत्तों का रंग ?

(ग) हवाई जहाज व पत्ते

(घ) (1 ) ओर (2 ) दोनों

**प्रश्न 4: नीचे एक चित्र दिखाया गया है जिसमें गाँव का दृश्य को दिखाया गया है | प्रस्तुत चित्र में गाँव की किस-किस समस्या की ओर संकेत किया गया है?**



**(क)** **शौचालय की समस्या**

**(ख)** **पानी की समस्या का**

**(ग)** **पक्की छत न होने की समस्या**

**(घ)** **उपरोक्त सभी**

**उत्तर-तालिका = 1. (ख), 2. (ग) 3. (क) 4(छात्र स्वयं देंगे)**

# पाठ - 7

# टिपटिपवा

**शिक्षण के लक्ष्य:**

- शिक्षक द्वारा पढ़ाए गए पाठ को विद्यार्थी ध्यान पूर्वक सुनेंगे और पूछे गए प्रश्नों के 10 से 15 शब्दों में उत्तर देंगे जैसे वर्तनी में किस चीज की बात की गई है जिससे श्रवन और वाचन कौशल दोनों का विकास होगा ।
- पूरा पाठ धीर व धीरज पूर्वक सुन पाएंगे ।
- बच्चे पाठ में आए कोई 20 30 नए शब्द पढ़ सकेंगे ।
- छात्र प्रश्नों का उत्तर 15 से 20 अपने शब्दों में लिख पाएंगे ।
- नवीन शब्दों को रेखांकित कर उनके अर्थ बताये जाएंगे पाठ के अंत में 4 अथवा 5 नए शब्दों के अर्थ बताने में सक्षम होंगे जैसे घोर घबराई आदि जिससे शब्दकोश का विकास होगा ।
- पाठ के कुछ प्रश्न तथा अन्य शब्दों के अर्थ पूछकर श्रुतलेख लेकर पढ़ाई गई पाठ का मूल्यांकन किया जाएगा ।
- अति का भला न बोलना अति की भली न चूप अति का भला न बरसना अति की भली न धूप सूज भुज से परिस्थिति का समाधान करना चाहिए ।

**सीखने का प्रतिफल:**

तरह -तरह की कहानियों, कविताओं ,रचनाओं की भाषा की बारीकियों (जैसे शब्दों की पुनरावृति, संज्ञा ,सर्वनाम ,विभिन्न विराम- चिन्हों का प्रयोग आदि) की पहचान और प्रयोग करते हैं।

**प्रश्न 1:** "राम बहुत ईमानदार लड़का है। वह कल मुम्बई जाएगा।" इस पंक्ति में प्रत्येक वाक्य के अंत में एक विराम चिन्ह का प्रयोग किया गया है| वाक्य के अंत में लगने वाले विराम चिन्ह को क्या कहते है?

(क) अल्प विराम चिन्ह

(ख) प्रश्नवाचक विराम चिन्ह

(ग) पूर्ण विराम चिन्ह

(घ) योजक चिन्ह

**प्रश्न 2:** निम्नलिखित चित्र को ध्यान से देखकर बताइए कि किस वाक्य में उचित विराम चिन्ह का प्रयोग हुआ है?



(क) सब्जी की टोकरी में लौकी | बैंगन | मूली | गाजर | आलू, टमाटर, और सीताफल रखा है|

(ख) सब्जी की टोकरी में लौकी? बैंगन? मूली, गाजर, आलू, टमाटर,और सीताफल रखा है|

(ग) सब्जी की टोकरी में लौकी, बैंगन, मूली; गाजर; आलू, टमाटर, और सीताफल रखा है?

(घ) सब्जी की टोकरी में लौकी, बैंगन, मूली, गाजर, आलू, टमाटर, और सीताफल रखा है|

**प्रश्न 3: 'क्या मैं तुम्हारे घर आ सकता हूँ जल्दी बताओ' इस वाक्य में प्रश्नचिह्न (?) किन शब्दों के बाद आएगा?**

**(क) क्या**

**(ख) क्या मैं**

**(ग) सकता हूँ**

**(घ) जल्दी बताओ**

**उत्तर-तालिका = 1 (ग), 2 (घ), 3 (ग)**

## पाठ 8

## बंदरबांट

**शिक्षण के लक्ष्य:**

- सारांश ग्रहण करना और सामग्री को अच्छे से समझ कर सुनकर अर्थ ग्रहण करने की क्षमता का विकास करना जैसे पाठ से संबंधित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दे पाना पाठ को सुनने के बाद अपने शब्दों में 2 से 4 वाक्यों में मौखिक सारांश व्यक्त कर पाना ।
- भाषा एवं उच्चारण की शुद्धता धाराप्रवाह उचित अंत भाव भंगिमा स्वर स्पष्टता का विकास करना ।
- जैसे रोल प्ले द्वारा उपरोक्त लिखित सभी बिंदुओं का विकास करना बच्चे पाठ में आए 25-30 नए शब्द पढ़ सकेंगे ।
- छात्र प्रश्नों का उत्तर 15 से भी अपने शब्दों में लिख पाएंगे ।
- 4 अथवा 5 नवीन शब्दों को रेखांकित कर उनके अर्थ जानना जैसे- और ओ की मात्रा वाले शब्दों को शब्दों से जुड़ी मात्राओं की पुनरावृत्ति की जाएगी और श्रुतलेख के लिए मात्राओं वाले शब्दों की तैयारी करवाई जाएगी ।
- 5 ई की मात्रा वाले शब्दों की श्रुतलेख द्वारा शुद्ध वर्तनी का मूल्यांकन किया जाएगा शुद्ध सूची का निर्माण करते हुए उचित शब्दों का चयन करवाते हुए कहानी का सरल रूप रिक्त स्थान द्वारा पूर्ण करवाते हुए पाठ संबंधित अधिग्रहण क्षमता का मूल्यांकन किया जाए ।
- बराबर का हक होना चाहिए बच्चे कैसे कब बराबरी का हक महसूस करते हैं इस पर विभिन्न रोमांचक घटनाओं के द्वारा शिक्षिका उदाहरणों के माध्यम से कक्षा के समक्ष विचार व्यक्त करें नैतिकता का भाव उजागर करेंगे जैसे वोट देना टिफिन बांटना कार्य बांटना विद्यार्थियों को दूसरे के झगड़ों को सुलझाने के योग्य बनना आदि ।

**सीखने का प्रतिफल:**
**स्वेच्छा से या शिक्षक द्वारा यह गतिविधि के अंतर्गत चित्र आड़ी तिरछी रेखाओं ( किरम-कांटे) ,अक्षर आकृतियों से आगे बढ़ते हुए स्वयं वर्तनी का उपयोग और स्वयं नियंत्रण लेखन कर**

**प्रश्न 1 : निम्नलिखित शब्दों में से शुद्ध शब्द छांटिए :**

**(क) आखीर**

**(ख) आडवानी**

**(ग) आदरणीय**

**(घ) आदर्स**

**प्रश्न 2 : निम्नलिखित शब्दों में से अशुद्ध शब्द छांटिए :**

**(क) करमिक**

**(ख) नारियल**

**(ग) कवयित्री**

**(घ) अधीन**

**प्रश्न 3 :- निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द कौनसा है ?**

**(क) आहूत**

**(ख) आहुति**

**(ग) आहुती**

**(घ) आहूती**

**उत्तर-तालिका = 1 (ग), 2 (क), 3 (ख)**

## पाठ - 9

## कब आऊँ

**शिक्षण के लक्ष्य:**

- अध्यापक द्वारा सुनाई गई कहानी के आधार पर छात्र पाठ के बारे में संक्षेप में बताने और पाठ का कुछ अनुच्छेद पढ़ने में सक्षम होंगे इससे उनमें श्रवण और वाचन कौशल का विकास होगा पाठ से छात्र 2-3 अनुच्छेद को सही-सही पढ़ने में तथा पाठ को सुनने के बाद अपने शब्दों में 2 से 4 वाक्यों में मौखिक सारांश व्यक्त कर पाने में सक्षम होंगे ।
- छात्र कहानी के बारे में कम से कम पाँच वाक्य 25-30 शब्दों वाले पढ़ने में सक्षम होंगे ।
- छात्र प्रश्नों का उत्तर 15 से 20 शब्दों में लिख पाएंगे ।
- छात्र पाठ पढ़ने के उपरांत चार पाँच विशेषण शब्द और मुहावरे आदि को पहचान पाने व इनका अर्थ बताने में सक्षम होंगे ।
- पाठ के अंत में दिए गए कहानी से आधार पर छात्रों का मूल्यांकन किया जाएगा ।
- अध्यापक द्वारा जीवन में मिठास लाने और जलन की भावना से दूर रहने में भलाई है आदि नैतिक मूल्यों की शिक्षा दी जाएगी ।

**सीखने का प्रतिफल:**

अलग-अलग तरह की रचनाओं/ सामग्री (अखबार, बाल पत्रिका जैसे पूर्ण विराम, अल्पविराम प्रश्नवाचक चिन्ह इनका सचेत इस्तेमाल करते हैं।


शब्दों का पिटारा

विराम चिन्ह

हम लिखते समय कई विराम चिन्हों का उपयोग करते हैं, लेकिन उन्हें कहते क्या हैं, आप क्या यह भी जानते हैं? आइए जानें इन चिन्हों के बारे में-

**प्रश्न 1: उपरोक्त चित्र में विराम चिन्ह के बारे में जो वाक्य दिया गया,उसमें कौन -कौन से विराम चिन्हों का प्रयोग हुआ है ?नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चुनाव कीजिये -**

**(क) प्रश्न चिन्ह, अल्प विराम, निर्देशक चिन्ह**

**(ख) अल्प विराम, निर्देशक चिन्ह, पूर्ण विराम**

**(ग) निर्देशक चिन्ह, पूर्ण विराम, प्रश्न चिन्ह**

**(घ) पूर्ण विराम, अल्पविराम, प्रश्नवाचक चिन्ह**

**प्रश्न 2: <u>महात्मा गांधी ने कहा, "सत्य ही ईश्वर है।</u>" रेखांकित वाक्य में कौन -कौन से विराम चिन्हों का प्रयोग हुआ है ?**

**(क) प्रश्न चिन्ह, अल्प विराम, निर्देशक चिन्ह**

**(ख) अल्प विराम, अवतरण चिन्ह, पूर्ण विराम**

**(ग) निर्देशक चिन्ह, पूर्ण विराम, प्रश्न चिन्ह**

**(घ) पूर्ण विराम, अल्पविराम, प्रश्नवाचक चिन्ह**

**प्रश्न 3: वाक्य के पूर्ण होने पर लगाया जाने वाले चिह्न कहलाता है**

**(क) अल्पविराम**

**(ख) पूर्णविराम**

**(ग) विस्मयादि सूचक**

**(घ) प्रश्न चिन्ह**

**प्रश्न 4: (,) कोष्ठक में दिए गए इस चिह्न को कहते हैं**

**(क) पूर्ण विराम**

**(ख) प्रश्नसूचक**

**(ग) अल्पविराम**

**(घ) इनमें से कोई नहीं**

**उत्तर-तालिका = 1. (क), 2. (ख), 3. (ख) 4. (ग)**

## पाठ - 10

## क्योंजीमल और कैसे - कैसलिया

**शिक्षण के लक्ष्य:**

- दृश्य श्रव्य माध्यम द्वारा -पाठ के अर्थ को ग्रहण करना और सामग्री को अच्छे से समझ कर पाठ के संबंधित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दे पाना पाठ को सुनने के बाद अपने शब्दों में 2 से 4 वाक्यों में मौखिक सारांश व्यक्त कर पाना ।
- विद्यार्थियों को पठन कौशल का विकास के अंतर्गत पाठ में आए विराम चिन्हों से परिचित कराना छात्र कहानी के बारे में कम से कम पाँच वाक्य (25-30 शब्दों वाले) पढ़ने में सक्षम होंगे ।
- छात्र प्रश्नों का उत्तर 15 से 20 अपने शब्दों में लिख पाएंगे ।
- चार-पाँच नवीन शब्दों को रेखांकित कर उनके अर्थ बता पाने में सक्षम होंगे ।
- इसका उद्देश्य छात्रों को निर्धारित शिक्षण लक्ष्य के आकलन और उनके काम की तुलना करने में मदद करना है ताकि वे महत्वपूर्ण शिक्षण लक्ष्यों के अपेक्षा अपनी स्वयं की वृद्धि के बारे में अधिक जागरूक हो जाएं और सामग्री के साथ अपनी सफलता बढ़ाने के लिए आवश्यक कौशल विकसित कर सकें ।
- शिक्षिका द्वारा विद्यार्थियों को पाठ के माध्यम से जीवन की यथार्थता से परिचित करना आदि नैतिक मूल्यों पर विशेष बल दिया जाएगा जीवन में क्यों और कैसे जैसे शब्दों के बीच नहीं फंसना चाहिए लोगों से सोच समझ कर बात करनी चाहिए ।

**सीखने का प्रतिफल:**

**सुनी हुई रचनाओं के विषय वस्तु घटनाओं ,पात्रों ,शीर्षक आदि के बारे में बातचीत करते हैं, राय बताते हैं/ अपने तरीके से (कहानी, कविता आदि )अपनी भाषा में व्यक्त करते हैं।**

**दिए गए चित्र को देखकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये -**



**प्रश्न 1: इस चित्र में बच्चे क्या कर रहे है ?**

**(क) खेल रहे हैं**

**(ख) खाली समय का सदुपयोग कर रहे हैं**

**(ग़) महल बना रहे हैं**

**(घ) उपरोक्त सभी**

**प्रश्न 2: यह चित्र कौन से स्थान का है ?**

**(क) रेगिस्तान**

**(ख) समंदर**

**(ग) मैदानी**

**(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं**

**प्रश्न 3: चित्र में बच्चे क्या बनाने की कोशिश कर रहे हैं ?**

**(क) घर**

**(ख) अस्पताल**

**(ग) स्कूल**

**(घ) किला /दुर्ग**

**प्रश्न 4: चित्र कौन सी ऋतु से संबंधित है ?**

**(क) सर्दी**

**(ख) गर्मी**

**(ग) वर्षा**

**(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं**

**उत्तर-तालिका = 1 (छात्र स्वयं उत्तर देंगे), 2 (ख), 3 (छात्र स्वयं उत्तर देंगे), 4 (ख)**

## Contributor

- Dr. Sushma Rani (ARP, Hindi)

  Education Department

  UT Chandigarh

## Reviewer

- Ms. Shifali Singla (TGT)

  SCERT UT Chandigarh

## Co-ordinator

- Dr. Deepika Gupta

  Assistant Professor

  SCERT UT Chandigarh

*“Live as if you were to die tomorrow. Learn as if you were to live forever”*

*- Mahatma Gandhi*

**2021**

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्
STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING
SECTOR-32 UT CHANDIGARH